तापमान
अधिकतम 39.1 डिग्री
न्यूनतम 28.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 27 जून 2026



कंपनी गार्डन में झूले का आनंद लेते बच्चे।




(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561


# निगम अफसरों ने सड़क की जमीन पर दे दी मकान बनाने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के भवन शाखा ने कोनी रिवर व्यू कालोनी में सड़क की जमीन पर एक व्यक्ति का भवन बनाने का नक्शा पास कर दिया, कालोनीवासियों द्वारा आपत्ति जताए जाने और जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद अब भवन अनुज्ञा निरस्त करते हुए भवन निर्माण पर रोक लगाई गई है। शुक्रवार को इस मामले में कार्रवाई करने पहुंची निगम की टीम के साथ विवाद की स्थिति निर्मित हुई।

निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिवर व्यू कालोनी बड़ी कोनी में शुभम डव्हलपर्स द्वारा हेमचरण साहू एवं दशरथ साहू को जमीन बेचा गया था, जिसकी रजिस्ट्री भी कराई गई थी। उक्त जमीन असल में रिवर व्यू कालोनी की रोड वाली जमीन बताई जा रही है। इस जमीन का नगर निगम से नक्शा भी पास करा लिया गया और जब इस जमीन पर निर्माण कार्य शुरू किया गया तो रिवर व्यू कालोनीवासियों ने आपत्ति करते हुए कहा कि यह कालोनी की सड़क के लिए छोड़ी गई जमीन है। कालोनीवासियों ने ले-आउट एवं दस्तावेज भी पेश किया। इसके बाद नगर निगम द्वारा मामले की जांच कराई गई, जिसमें और कालोनी के लिए सड़क वाली जमीन की बात सामने आने के बाद कोनी जोन क्रमांक के जोन कमिश्नर द्वारा उक्त जमीन का भवन अनुज्ञा निरस्त कर दी गई। इसके बाद भी जमीन पर निर्माण कार्य चल रहा था, इसलिए आज निगम के भवन शाखा की टीम रिवर व्यू कालोनी कार्रवाई करने पहुंची, लेकिन कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हुई, निगम की टीम ने वहां पर निर्माण कार्य बंद करा दिया।

## विवाद के बाद रद्द की अनुज्ञा

**कोनी रिवर व्यू कालोनी का मामला, निगम की टीम ने निर्माण कार्य पर लगाई रोक, कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति**

### जोन कमिश्नर ने दिया नोटिस

निगम जोन क्रमांक आठ कोनी जोन कमिश्नर ने भवन अनुज्ञा निरस्त करने के संबंध में दशरथ साहू एवं हेमचरण साहू को नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि वार्ड 68 रिवर व्यू बड़ी कोनी में भवन निर्माण के लिए 27 नवंबर 2025 को भवन स्वीकृति जारी किया गया था। स्थल निरीक्षण एवं अन्य दस्तावेजों की जांच उपरांत यह पाया गया है कि भवन अनुज्ञा के लिए प्रस्तुत दस्तावेज में कालोनी ले-आउट के अपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है एवं जारी भवन अनुज्ञा ले-आउट प्लान के विपरीत है। इसलिए उक्त जारी भवन अनुज्ञा को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। मजेदार बात यह है कि इस मामले में अब तक निगम के किसी अफसर पर कार्रवाई होना तो दूर, किसी को नोटिस भी नहीं दिया गया है।



**अंधेरे में रखकर नक्शा पास कराया**

कोनी जोन अंतर्गत रिवर व्यू कालोनी के रोड की जमीन पर निर्माण कराया जा रहा था। अंधेरे में रखकर निगम से नक्शा भी पास करा लिया गया था, जिसे जोन कमिश्नर द्वारा निरस्त कर दिया गया है। निगम की टीम द्वारा कार्रवाई कर मौके पर निर्माण कार्य बंद कराया गया है।

- **जुगल सिंह,** उप अभियंता, नगर निगम

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव आज से

**बिलासपुर।** दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव 27 और 28 जून को श्री सदगुरू कबीर गुरू धर्मदास मंदिर जरहाभाठा में आयोजित किया जा रहा है। मंडल के कार्यक्रम अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी ने बताया कि 27 जून शनिवार को सुबह 9 बजे गुरू महिमा पाठ सत्संग भजन होगा। 28 जून रविवार को कबीर सत्संग भजन दोपहर 2.30 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती होगी। इस दौरान कबीर पंथ समाज सामूहिक विवाह समारोह आमीन माता महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरू दास दीवान, केदार महंत, कुंजू दास, मन्नू चतुर्वेदी, बहोरन दास, गणेश साहू, सुमित दास, मुकेश दास, हीरा दास, दिलहरण दास, योगेश साहू, सोनू दास, राकेश जगत, सुखीन बाई आदि तैयारी में जुटे हैं।

### सदगुरू कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस 28 को


**बिलासपुर।** लिंगियाडीह गुरुद्वारा में सदगुरू कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस 28 जून को मनाया जाएगा। एवं भवन व टीन शेड का लोकार्पण भी क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला, जोन कमिश्नर एवं एमआईसी सदस्यों के द्वारा किया जाएगा। इसमें सुबह 10 बजे से चौका आरती, निशान पूजा, 2 बजे से अतिथि वरिष्ठजन, संत महंत का सम्मान होगा। दोपहर 3 बजे से भोजन प्रसाद के बाद जीवन दास मानिकपुरी भाटापारा द्वारा भजन का भी आयोजन किया गया है। वरिष्ठजनों का उदबोधन पश्चात कार्यक्रम समाप्त की घोषणा होगी।

### शालीमार में अतिरिक्त एसी थ्री कोच 5 तक

**बिलासपुर।** शालीमार से एलटीटी के बीच चलने वाली अप-डाउन एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा 3 जुलाई तक देने का आदेश दिया गया है। रेल प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ और उन्हें कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से होकर चलने वाली 18030/18029 शालीमार-एलटीटी और एलटीटी से शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से देने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 18030 शालीमार-एलटीटी में 27 जून से 3 जुलाई तक और 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 29 जून से 5 जुलाई तक दी जाएगी।





**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में शाम के समय लोगों को सुकून दिलाने के लिए शहर के चौक चौराहों के कृत्रिम झरने और फौव्वारे पिछले कई दिनों से बंद हैं, इससे चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहता है, देवकीनंदन चौक, राजेंद्र नगर चौक सहित अन्य चौराहे इनमें शामिल हैं। पानी नहीं होने के कारण इन कृत्रिम झरनों और फौव्वारों पर कचरा फैलने लगा है।

# विलय के 6 साल बाद भी पंचायत सचिवों ने नहीं दिया रजिस्टर

**बिलासपुर।** 6 साल पहले नगर निगम में शामिल होने वाले ज्यादातर पंचायत सचिवों ने नगर निगम को अब तक अपना विधिक भाग नहीं सौंपा है। इसके चलते ऑफलाईन आधार पर बनाए गए जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्रों को अब ऑनलाईन करवाने में पक्षकारों को पसीना बहाना पड़ रहा है। पक्षकार नगर निगम, संबंधित तत्कालीन ग्राम पंचायत एवं जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग के चक्कर लगाकर हलाकान हो रहे हैं।



- जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे लोग
- नहीं निकल पा रहा कोई समाधान

शासन द्वारा वर्ष 2019 में शहर से जुड़े चौदह ग्राम पंचायतों का नगर निगम में विलय कर दिया गया था। विलय को आज छह साल से भी अधिक समय हो चुके हैं, लेकिन कई तत्कालीन सचिवों के द्वारा अब तक नगर निगम को अपना विधिक भाग नहीं प्रस्तुत किया गया है। विधिक भाग पंचायत द्वारा तैयार किया गया वह रजिस्टर होता है, जिसमें ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निवासियों को जारी जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्रों का पंजीयन किया जाता है। उस दौरान ज्यादातर लोगों को मैनुअली पद्धति से जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिए गए थे, जिसे अब ऑनलाईन करवाने की जरूरत पड़ रही है।

बीते दिनों खमतराई के कुछ पक्षकार अपनी कुछ इसी तरह की समस्या लेकर जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग पहुंचे थे, जहां उन्हें इस समस्या का समाधान नगर निगम में ही होने की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस काम के लिए कई महीने से अलग-अलग विभागों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या जस की तस है।

## कैसे होगा दस्तावेजों का मिलान?

मॅनुअली या ऑफलाईन पद्धति से बनवाए गए जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्रों को ऑनलाईन करवाने की गरज से पीड़त नगर निगम कार्यालय पहुंच तो रहे हैं, लेकिन वे बैरंग लौटा दिए जा रहे हैं। इसके पीछे कारण यह है कि पक्षकारों द्वारा पंचायत सचिवों द्वारा जारी ऑफलाईन प्रमाणपत्रों की सत्यता नगर निगम में कैसे जांची जा सकेगी। सचिवों के द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन रजिस्टर अगर नगर निगम को सौंपा गया होता तो पुराने रिकार्ड से मिलान कर संतुष्ट होने की स्थिति में पक्षकारों को ऑनलाईन प्रमाणपत्र बनाकर दे दिए जाते, जबकि अब तक दस्तावेज ही जमा नहीं किए जा सके हैं, जिसका खामियाजा आम पक्षकारों को भुगतना पड़ रहा है।

### पहल की जाएगी

ग्राम पंचायतों को नगर निगम में शामिल हुए 6 से 7 वर्ष हो चुके हैं। दस्तावेज जमा न किए गए हों ऐसा होना तो नहीं चाहिए। इस संबंध में अब तक किसी तरह की शिकायत भी कहीं से नहीं आई है। इसकी पतासाजी कर दस्तावेज नगर निगम को भेजने संबंधी पहल की जाएगी।

- **संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

# मानसून का फीका आगाज़ बारिश की जगह बूंदाबांदी

**बिलासपुर।** दक्षिण पश्चिम मानसून हवाओं की दस्तक के साथ ही जिले में मौसम का मिजाज बदल चुका है। शुक्रवार की शाम 4 बजे से हल्की बूंदाबांदी होती रही, इससे गर्मी से निजात मिल सकी लेकिन उमस जस की तस रही, हालांकि लोगों ने हल्की बूंदाबांदी से ही तसल्ली करना बेहतरा समझा है।

बारिश का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है लेकिन बारिश धोखा दे रही है, शुक्रवार को भी मानसून का आगाज काफी फीका रहा है। शाम से शुरू हुई बुंदाबांदी महज 2 घंटे चली और इसके बाद उमस ने फिर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार 5वें दिन भी बिलासपुर का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक दर्ज किया गया, जहां पारा 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यह सामान्य तापमान से 6 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से उड़ीसा के बीच बनी द्रोणिका मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से गुजर रही है। वहीं चक्रवाती परिसंचरण तेलंगाना और इसके आसपास के क्षेत्रों से 3.1 किमी ऊंचाई में स्थित है। जिसके चलते मौसम में नमी बनी हुई है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर कहा है कि इस दौरान तेज आंधी चल सकती है साथ ही गरज चमक के साथ कहीं-कहीं पर बिजली गिरने की आशंका बनी हुई है।



### इस साल जून में सबसे कम बारिश

पिछले 15 सालों में यह पहली बार है जब जून के महीनें में बारिश ने अपना ठीक ठाक खाता भी नहीं खोला है। बिलासपुर जिले में आम तौर पर 120 से 140 मिमी बारिश दर्ज की जाती है, लेकिन इस बार गर्मी और उमस ने अपना कहर बरपाया है। 26 जून तक इस साल महज 5.4 मिमी बारिश ही हो सकी है। जहां सुबह सवेरे से ही तेज धूप से सामना हो रहा है, वहीं दिन भर उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल हो रहा है।

## हवा के बीच बिजली की आंखमिचौली जारी

भीषण उमस व गर्मी के बाद बदले मौसम के मिजाज के साथ एक बार फिर बिजली की आंखमिचौली लोगों को परेशान करती रही। शुक्रवार को दोपहर से रात तक इलाकों में घंटों बिजली गुल होती रही, जिसके चलते बिजली कर्मचारियों को देर रात तक सुधार कार्य करना पड़ा।

शुक्रवार को बिजली विभाग द्वारा अचानक शुरू किए गए 33 केवी मुख्य लाइन के मेंटेनेंस और ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण तारबाहर, टिकरापारा, विद्यानगर और मंगला क्षेत्र सहित एक बड़े हिस्से में 2 से 4 घंटे तक आपूर्ति ठप रही। इसके बाद दोपहर 3 बजे से तेज हवा चलने लगी और कई इलाकों में ट्रीपिंग की समस्या आई। इस दौरान तारबाहर, टिकरापारा, विद्यानगर से लेकर मंगला क्षेत्र तक बिजली विभाग के मेंटेनेंस कार्यों और तकनीकी खराबी के चलते घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली विभाग द्वारा 33 केवी मुख्य लाइन पर अचानक मेंटेनेंस का कार्य शुरू किया गया। इसके चलते शहर के एक बड़े हिस्से की सप्लाई काट दी गई। जिसके कारण तारबाहर में लगभग 2 घंटे से अधिक समय तक बिजली बंद रही। इसके अलावा मन्नू चौक , विद्या नगर और महाराष्ट्र मंडल जैसे इलाकों में भी बिजली पूरी तरह गुल रही। मंगला क्षेत्र के अमन विहार में स्थिति और भी खराब रही। यहां के मुख्य ट्रांसफार्मर में आई खराबी के बाद विभाग को बदलना पड़ा। नया ट्रांसफार्मर लगाने और तकनीकी काम पूरा करने में लगभग 4 घंटे का लंबा समय लगा।



### फ्यूज कॉल ने नहीं उठाया फोन

बिजली बंद के बाद लोगों ने सब-स्टेशन में उपभोक्ताओं ने फोन घनघनाया लेकिन लिंक रोड स्थित फ्यूज कॉल का नंबर नहीं लग सका। छत्तीस भोग के पास स्थित ट्रांसफार्मर का एक फेज उड़ जाने के कारण आसपास के कई मोहल्लों में आंशिक रूप से बिजली ठप हो गई।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
यदि आप सुनहरे भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं तो जुड़िये हरिभूमि के साथ, ऐसे युवक-युवतियों के लिए जो प्रिंट मीडिया मार्केटिंग के कार्य क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। मेहनती, उत्साही, योग्य एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव

न्यूनतम योग्यता
» स्नातक » अधिकतम आयु 30वर्ष
» उचित निर्णय लेने में सक्षम हो
» अनुभवियों को प्राथमिकता
» इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ अतिशीघ्र संपर्क करें।
वेतन योग्यतानुसार /// मिलने का समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक
हरिभूमि रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001


# शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का झांसा, साढे 14 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** शहर के एक व्यापारी से शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 14 लाख 67 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने अलग-अलग वाट्सएप नंबर के जरिए प्राथी से रुपए लिए है। सिविल लाइन पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार अमलताश कालोनी निवासी विशाल गुप्ता से अन्नया मेहरा नामक महिला ने डीएमए एएक्सआई एप के माध्यम से अलग-अलग वाट्सएप नंबरों के माध्यम से करीब 14 लाख 47 हजार की ठगी को अंजाम दिया है। पूरी रकम 20 मई से 15 जून के बीच ट्रांसफर की गई है। टीआई




किशोर केंवट ने बताया कि प्रार्थी ने डीएमए एएक्सआई एप के माध्यम से शेयर में पैसे लगाने के लिए वाट्सएप एप में रुपए भेजे हैं। प्राथी ने बताया कि 19 मई को फेसबुक में शेयर मॉर्केट से संबंधित एड देखा। इस दौरान वाट्सएप पर अन्नया मेहरा नामक महिला को मैसेज करने पर शेयर खरीदने व बेचकर मुनाफा कमाने की बात कही गई। इसके बाद महिला ने व्हाट्सएप ग्रुप बी 15 एक्सीस फायनेंसियल विंडसम शेयरिंग फोरम एवं 31/एक्सीस सिक्युरिटी कस्टमर सर्विस टीम में जोड़ दिया। इस दौरान बड़ी ही चालाकी से ट्रेडिंग करने के लिए डिटेल मांगा गया। प्राथी ने लालच में आकर प्ले स्टोर से एएक्सआई डीएमाए मोबाइल एप्पलीकेशन डॉउनलोड कर लिया गया और रजिस्ट्रेशन कराकर लॉगिन पॉसवर्ड दिया गया। इसके बाद 10 हजार रुपए मिनिमम डिपोजिट जमा के लिए यश बैंक खाता क्रमांक 007361900007130 से 20 मई को रुपए डाले गए। इसके बाद ठगों द्वारा बैलेंस कम होने की बात कह कर 5 हजार रुपए और जमा कर लिया गया। इसके बाद से अलग-अलग वाट्सअप नंबरों के जरिए 14 लाख 67 हजार की राशि एप के माध्यम से ली गई है।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### रेड लाइसेंस शुल्क वृद्धि पर कैट की पहल डिप्टी सीएम साव ने दिया आश्वासन



**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका व्यापार अनुज्ञापन (ट्रेड लाइसेंस) नियम, 2025 के अंतर्गत व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में की गई वृद्धि के संबंध में व्यापारियों की चिंताओं से अवगत कराया। प्रतिनिधमंडल ने ज्ञापन में कहा कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन तथा राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में अत्यधिक वृद्धि से विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों, पारिवारिक व्यवसायों तथा स्थानीय बाजारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ सकता है। कैट ने आग्रह किया कि नवीन शुल्क संरचना की पुनर्समीक्षा कर व्यापारी हितों एवं व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप संतुलित बनाई जाए। व्यापार करने की सुगमता को ध्यान में रखते हुए शुल्क संरचना का युक्तिसंगत एवं व्यापारिक होना आवश्यक हैद्री साव ने सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जितेंद्र गांधी, राजू सलूजा, दिलीप खंडेलवाल, संजय मित्तल, सुरेंद्र अनमनी, अनिल राघवानी, परमजीत उबेजा, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, जीवत बजाज, अवनीत सिंह, हीरानंद जयसिंह, आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा, प्रमोद वर्मा, प्रवीण सलूजा, नितिन सलूजा, विष्णु गुप्ता, अरविंद वर्मा, संतोष पांडे मुकेश लालचंदानी व वरिष्ठ उपस्थित रहे ।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के लिए भाजपा की बैठक




**बिलासपुर।** भाजपा जिला बिलासपुर शहर द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के सफल संचालन एवं संगठनात्मक तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय करबला में प्रशिक्षण आयोजित की गई। इसमें आगामी कार्यक्रम को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए चर्चा की गई तथा सभी मंडलों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय का दर्शन भाजपा की विचारधारा का मूल आधार है। डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, सेवा कार्यों एवं जनसंपर्क के आधुनिक तरीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक कार्यकर्ता वैचारिक रूप से अधिक सशक्त एवं तकनीकी रूप से दक्ष बन सके। भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण का संचालन महर्षि बाजपेयी ने किया व प्रशिक्षण के बारे में जानकारी केतन वर्मा ने दी। इस अवसर पर सोमेश तिवारी, प्रदीप कौशिक, राजकमल कश्यप, नीलेश सिंह, अमित सिंह, स्वर्णिम तिवारी, विजय यादव, श्रीकांत सहारे, रिंकू मित्रा, प्रमोद ठाकुर, नारायण गोस्वामी, मनीष गुप्ता, तुलसी कौशिक, सरजू यादव, साहिल कश्यप, विश्वजीत ताम्रकार, योगेश देवांगन, तनुज वोहरा, देवाशीष दत्ता, पृथवी श्रीवास, सूरज रजक, राघवेन्द्र पाण्डेय, मोनू मिश्रा, संस्कार सोनी, रूपेश यादव, अमन सोनी, कृष्णा जोशी, शुभम यादव, जया पाण्डेय, भारतीय रजक, स्वेता पाण्डेय, कंचन श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

### प्रभार संस्कृति समाप्त कर समयबद्ध पदोन्नति दें सरकार

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर राज्य के समस्त विभागों में वर्षों से लंबित पदोन्नतियों को तत्काल करने एवं



प्रभार संस्कृति को समाप्त करने की मांग की है। महासंघ के अखिल भारतीय महामंत्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के सभी विभागों में नियमित पदोन्नति नहीं हुई है। परिणामस्वरूप कनिष्ठ कर्मचारी प्रभार पर उच्च पदों का कार्य कर रहे हैं, जबकि वरिष्ठ कर्मचारी पदोन्नति के बिना ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होने बताया कि फील्ड में निर्णय लेने वाला अधिकृत अधिकारी न होने से योजनाएं लटक रही हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कर्मचारियों को दरकिनार कर मनचाहे कनिष्ठ कर्मचारी को प्रभार देकर उपकृत किया जा रहा है। महासंघ ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि उन्होंने मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों से वादा किया था। उसी कड़ी में महासंघ ने 5 सूत्रीय मांग रखी है। इसमें सभी विभागों को 100 दिन में डीपीसी कर पदोन्नति आदेश जारी करने का समयबद्ध कार्यक्रम दें। आदेश जारी हो कि कोई भी प्रभार 90 दिन से अधिक नहीं रहेगा। 90 दिन में नियमित पदस्थापना अनिवार्य हो। जिन विभागों के भर्ती नियम 5 साल से पुराने हैं, उन्हें 3 माह में अपडेट कर पदोन्नति का कोटा बढ़ाया जाए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यदि सरकार दशहरा के पूर्व पदोन्नति पर्व चलाकर सभी विभागों में लंबित पदोन्नतियां पूर्ण करा दे, तो इससे कर्मचारियों में दीपावली का वास्तविक उत्साह आएगा।

### स्टेशन और ट्रेन के यात्रियों को मिलेगा शुद्ध नारियल पानी

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन बिलासपुर के यात्रियों को अब शुद्ध नारियल पानी मिलेगा, जिसकी शुरुआत करने के लिए प्लेटफार्म नम्बर दो पर स्टॉल की ओपनिंग कर दी गई है। एसईसीआर बिलासपुर मंडल ने यात्रियों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्लेटफार्म नम्बर दो-तीन पर कोकोनेट कैफे जंक्शन नारियल पानी स्टॉल का शुभारंभ किया गया है। रेलवे की इस पहल से यात्रियों को सफर के दौरान प्राकृतिक, ताजा एवं ऊर्जा प्रदान करने वाला पेय नारियल पानी सहज रूप से उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें हर मौसम में बेहतर स्वास्थ्यवर्धक पेय की सुविधा मिलेगी। इसका विधिवत शुभारंभ शुक्रवार की दोपहर डिवीजन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन और मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन की उपस्थिति में एक बच्ची से कराया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों के बेहतर स्वास्थ्य व प्राकृतिक एवं पौष्टिक पेय पदार्थों को प्राथमिकता देने की सोच के साथ ही बिलासपुर स्टेशन पर कोकोनट कैफे जंक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। भविष्य में भी यात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे जनहितकारी एवं नवाचार आधारित सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

**जिले में तीन सौ से अधिक स्कूल बसों का रजिस्ट्रेशन** | स्कूल के संचालन को एक इंडस्ट्री के रूप में देखा जाए तो यह गलत नहीं होगा

# उद्योगों को कंज्यूमर पंप से डीजल, रिटेल पंप से हर रोज डीजल ले रहीं तीन सौ स्कूल बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उद्योंगों को अपने उपयोग के लिए डीजल लेना हो तो वे रिटेल आऊटलेट्स से डीजल नहीं ले सकते। उनके लिए कंज्यूमर पंपों से ही डीजल का उठाव करने की बाध्यता है, जबकि स्कूल बसों में हर रोज रिटेल आऊटलेट्स से डीजल का उठाव हो रहा है। आज की स्थिति में जिले में तीन सौ से भी अधिक स्कूल बसों का आरटीओ रजिस्ट्रेशन है, जिनमें प्रतिदिन हजारों लीटर डीजल की खपत है।

सरकार ने उद्योगों को रिटेल आऊटलेट्स से डीजल लेने पर पाबंदी लगा रखी है, ताकि वहां आम लोग आसानी से व सस्ती दरों पर डीजल प्राप्त कर सकें। इसके विपरीत चूंकि उद्योगों के द्वारा बड़ी मात्रा में औद्योगिक उपयोग के लिए डीजल लिया जाता है, जिससे उन्हें कंज्यूमर पंपों के माध्यम से अधिक दरों पर डीजल लेने का नियम बनाया गया है। जिले के सभी उद्योगों द्वारा इस नियम का पालन किया भी जा रहा है। इसके ठीक विपरीत स्कूल बसों में डीजल की आपूर्ति हर रोज कंज्यूमर पंपों के माध्यम से होने के बजाय रिटेल आऊटलेट्स से की जा रही है। जिले में संचालित लगभग सभी बड़े स्कूलों के पास अपनी खुद की स्कूल बसें हैं, जो अपने स्टूडेंट्स को घर से स्कूल लाने व



वापस घर छोड़ने का काम करतीं हैं। कुछ स्कूल तो ऐसे भी हैं, जिनके पास एक से दो दर्जन तक बसें उपलब्ध हैं। इस दौरान किस बच्चे से बस के किराए के रूप में दूरी के हिसाब से कितनी राशि लेनी है यह स्कूल प्रबंधन ही तय करता है। सरकार का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। इसी तरह ट्यूशन फीस के मामले में भी सरकार तटस्थ ही है। यह भी स्कूल मैनेजमेंट ही तय करता है। कुल मिलाकर स्कूल के संचालन को भी अगर एक इंडस्ट्री के रूप में देखा जाए तो यह कोई गलत नहीं होगा। अगर ऐसा है तो उद्योगों की तरह ही स्कूल बसों में भी कंज्यूमर पंपों से ही डीजल की व्यवस्था जैसी बाध्यता होनी चाहिए। आरटीओ विभाग के अनुसार जिले में आज की स्थिति में तीन सौ से भी अधिक स्कूल बसों का रजिस्ट्रेशन है। जाहिर सी बात है कि तीन सौ बसें अगर सड़क पर हर रोज दौड़ रही हैं तो उनमें ईंधन के रूप में हजारों लीटर डीजल भी भरवाया जाता होगा। जबकि इसकी आपूर्ति कंज्यूमर पंपों से होने के बजाए रिटेल आऊटलेट्स से हो रही है।

### कोई नियम नहीं है

उद्योगों को अपने उपयोग के लिए रिटेल आऊटलेट्स से डीजल नहीं लेना है, बल्कि कंज्यूमर पंप से लेना है। यह नियम सरकार की ओर से बनाया गया है। स्कूल बसों में डीजल की व्यवस्था के लिए सरकार की ओर से ऐसा कोई नियम नहीं है। इसलिए स्कूल बसों में रिटेल आऊटलेट्स से डीजल भरवाया जा रहा है।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

### तीन सौ से अधिक हैं बसें

जिले में तीन सौ से अधिक स्कूल बसों का आरटीओ रजिस्ट्रेशन है। इनमें से कुछ बसें जिले के बाहर भी चलाई जाती हैं।

**-असीम माथुर,** आरटीओ बिलासपुर

शुरु कर दिया नापजोख, जुलाई से किया जाएगा पौधरोपण

# कोनी अरपा किनारे 20 हजार पौधे लगाएगा वन विकास निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



वन विकास निगम कोनी अरपा के किनारे 20 हजार से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाने का काम जुलाई से शुरु करेगी, जिसके लिए विभाग की ओर से नाप जोख करना शुरु कर दिया गया है। इसके साथ ही पौधरोपण के लिए पौधे भी तैयार हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड कोटा परियोजना मंडल ने पिछले पांच वर्षों 2021 से 2025-26 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पौधरोपण करते हुए कुल 951.980 हेक्टेयर क्षेत्र में 27 लाख 14 हजार 350 पौधों का रोपण किया है। वन विकास निगम की ओर से नियमित पौधरोपण कार्यक्रम के तहत 66 कक्षों में 852 हेक्टेयर क्षेत्र में 21 लाख 30 हजार पौधे लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से सागौन प्रजाति का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त क्लोनल सागौन अंतर्गत 1 हेक्टेयर में 2 हजार 500 पौधे तथा क्लोनल नीलगिरी के तहत 90 हेक्टेयर क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार पौधों का रोपण किया गया। डिपाजिट पौधरोपण योजनाओं के माध्यम से वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक 93.760 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 16 हजार 250 पौधे लगाए गए। यह कार्य विभिन्न संस्थाओं एवं परियोजनाओं के सहयोग से संपादित किया गया, जिससे शहरी एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने में मदद मिली। इसके साथ ही अरपा नदी के किनारे इस वर्ष विशेष पौधरोपण अभियान चलाकर नदी तट संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई। वर्ष 2025-26 में अरपा नदी किनारे 3.620 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 हजार 300 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसमें मियाबाकी वृक्षारोपण, ब्लॉक वृक्षारोपण एवं रामसेतु क्षेत्र के किनारे वृक्षारोपण शामिल हैं। पौधरोपण से नदी तटों के कटाव नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा शहरी हरियाली बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### सागौन का प्लांटेशन 200 हेक्टेयर में

विभाग के अनुसार इस वर्ष का भी प्रोजेक्ट बनाकर दिया गया है, जो अब तक सेंक्शन नहीं हो सका है। फिलहाल योजना के तहत 200 हेक्टेयर में सागौन और 150 हेक्टेयर में नीलगिरी लगाया जाना है। वहीं इंडस्ट्रीयल की ओर से भी जगह देने के बाद रेवेन्यू की जमीन पर पौधरोपण करने के लिए अनुमति आवश्यक है। इसके अलावा एनटीपीसी ने भी एक लाख पौधरोपण का साल भर में टारगेट दिया है। वहीं कमिश्नर कार्यालय के पीछे एसईसीएल के सहयोग से करीब 15000 पौधरोपण का कार्य मियावाकी योजना के तहत किया जा रहा है।

**मनरेगा में 3 लाख पौधों का वितरण:** वन विकास निगम की तरह बारिश के मौसम में पौधरोपण का कार्य बिलासपुर वन मंडल भी करती है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष बिलासपुर के चारों रेंज बेलगहना, बिलासपुर, कोटा और रतनपुर में पौधरोपण करने के लिए पौधों की तैयारी शुरु कर दी गई है। शासन की योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम के अलावा मनरेगा में करीब 3 लाख से अधिक पौधों को तैयार किया जा रहा है, जिसे विशेष रूप से ग्रामीण एरिया में लगाने का कार्य किया जाएगा।

### पौधरोपण जुलाई से

विभाग की ओर से कोई अलग से प्लांटेशन नहीं होता है। एनटीपीसी और एसईसीएल द्वारा पौधरोपण करने की जिम्मेदारी वन विकास निगम को दी जाती है। इस वर्ष एनटीपीसी 10 किलोमीटर के एरिया में करीब एक लाख से अधिक पौधे और एसईसीएल करीब 50 हजार से अधिक पौधरोपण कराएगी। वहीं अरपा के किनारे कोनी में 15 से 20 हजार पौधे लगाने की तैयारी हो गई है, जिसकी शुरुआत जुलाई से की जाएगी।

**-सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ, वन विकास निगम



# मोहर्रम पर निकाली गई सवारी व ताजिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार को मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। मोहर्रम के दसवें दिन 26 जून को सायंकाल 5 बजे से इमाम बाड़ों से सवारियां व ताजिया के साथ विशाल जुलूस निकाला गया, जिसका नगर भ्रमण के बाद देर रात्रि विसर्जन किया गया।

ताजिया एवं सवारी स्थलों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात थे। नगर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों और चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा। नगर पालिक निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, महत्वपूर्ण स्थलों में साफ-सफाई, दिनभर पेयजल की आपूर्ति और प्रकाश की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। स्वास्थ्य सुविधाओं के मद्देनजर सिम्स और जिला अस्पताल को आपातकालीन व्यवस्था के लिए अलर्ट किया गया है, जिसके तहत 108 एम्बुलेंस मय स्टाफ सिटी कोतवाली और पुलिस नियंत्रण कक्ष में तैनात थी। अस्पतालों में डॉक्टरों और सहयोगी कर्मचारियों की शिफ्ट-वाइज ड्यूटी लगाई गई थी।

**बीटीआई शिक्षक अब भी पात्रता से बाहर**

# सत्र के बीच सेवानिवृत्त वाले शिक्षक पा सकेंगे पुनर्नियुक्ति

**बिलासपुर।** शैक्षणिक सत्र के बीच सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को इस साल भी सत्र के अंत तक पुनर्नियुक्ति दी जा सकेगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक को इसकी पात्रता में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, बल्कि शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को भी लाभ की पात्रता मिलेगी। इसके विपरीत शासन ने प्रशिक्षण संस्थाओं व बीटीआई में पदस्थ शिक्षकों को लाभ की पात्रता से बाहर रखा है, प्रशिक्षण संस्थाओं व बीटीआई में पदस्थ शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं।

संचालक लोक शिक्षण ने शैक्षणिक सत्र के बीच सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को सत्र के अंत तक पुनर्नियुक्ति देने संबंधी आदेश जारी किया है, लेकिन आदेश में इस साल भी प्रशिक्षण संस्थानों में पदस्थ शिक्षक लाभ की पात्रता से बाहर कर दिए गए हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा मंत्री से सभी शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था, समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं बाइट में कार्यरत शिक्षक संवर्ग (सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता, व्यायाम शिक्षक, शिक्षक) को भी सत्र के मध्य में सेवानिवृत्ति पर सतांत्र तक पुर्ननियुक्ति की पात्रता देने की मांग की है। संघ का कहना है कि प्रशिक्षण संस्थानों में पदस्थ शिक्षक भी शिक्षा विभाग के अंर्तगत कार्यरत हैं व इनका कैडर अलग नहीं है। इन्हें किसी प्रकार



- **सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक को लाभ, डीपीआई से आदेश जारी**

का प्रतिनियुक्ति भत्ता नहीं दिया जाता है। ये सभी एक ही स्थानांतरण, पदोन्नति कहीं भी सेवा शर्तों के आधार पर शिक्षा विभाग में नियुक्ति प्राप्त किए हैं। इनका पदांकन, (स्कूल एवं इन संस्थानों में) किया जाता है। इनकी पदोन्नति, समयमान का आदेश भी अन्य शिक्षकों की तरह उन्हीं के साथ किया जाता है।

संस्थान में डीएलएड के 100 प्रतिशत नियमित छात्र अध्ययन करते हैं, जो शिक्षक नहीं हैं। डाईट व बीटीआई में अभी भी कई पद रिक्त भी है। ऐसे में बुनियादी प्रशिक्षण संस्थानों में पदस्थ शिक्षकों को भी सत्रांत तक पुनर्नियुक्ति का अवसर दिया जाना चाहिए। इस सुविधा का लाभ नहीं मिलने से बुनियादी प्रशिक्षण संस्थानों में पदस्थ शासन के दोहरे मापदंड का शिकार हो रहे हैं, संस्थानों की व्यवस्था भी बिगड़ रही है।

# आपातकाल की वर्षगांठ पर भाजपा ने निकाला मौन जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



25 जून 1975 को घोषित आपातकाल की वर्षगांठ के अवसर पर भाजपा जिला ग्रामीण एवं भाजयुमो द्वारा लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से मौन जुलूस एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आपातकाल विषयक विचार गोष्ठी के पश्चात युवा मोर्चा के नेतृत्व में राजकिशोर नगर चौक से भक्त माता कर्मा चौक तक काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला गया।

जुलूस के माध्यम से आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं पर लगे प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश, प्रेस पर सेंसरशिप तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों के योगदान का स्मरण किया गया। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय है, जिसने लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के त्याग, संघर्ष एवं बलिदान का स्मरण किया।

जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान देशभर में विपक्षी नेताओं एवं आंदोलनकारियों की गिरफ्तारियाँ हुईं, नागरिक स्वतंत्रताओं पर प्रतिबंध लगाए गए तथा प्रेस पर सेंसरशिप लागू की गई। उस दौर की घटनाएँ लोकतंत्र की रक्षा के महत्व का स्थायी संदेश देती हैं और लोकतंत्र सेनानियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इसे पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बाँधी, जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, ऋषभ चतुर्वेदी ने भी संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन निखिल केशरवानी ने किया।

### महासचिव के परफार्मर लिस्ट को लेकर विवाद

**बिलासपुर।** यूथ कांग्रेस चुनाव के तहत प्रदेश महासचिव पद के लिए जारी की गई पात्र उम्मीदवारों की परफार्मर लिस्ट को लेकर विवाद गहरा गया है। इस परफार्मर लिस्ट में कई यूथ कांग्रेसी उम्मीदवारों के नाम बाहर हो गए। इस लिस्ट के संबंध में मनमानी, पक्षपातपूर्ण का आरोप लगाया जा रहा है और इसकी शिकायत प्रदेश से लेकर दिल्ली तक संगठन के प्रभारियों से की गई है। यूथ कांग्रेस चुनाव लड़ने के इच्छुक जिला से लेकर प्रदेश स्तर के पदों के लिए दावेदारों का इस बार इंटरव्यू के माध्यम से क्षमता परखा जा रहा है। इसी के तहत 4 जून को यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव पद के लिए प्रदेशभर के उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए रायपुर कांग्रेस भवन बुलाया गया था, जहां इंटरव्यू लेकर उनका क्षमता परखा गया था। इसके पश्चात संगठन द्वारा पात्र उम्मीदवारों की परफार्मर लिस्ट जारी की गई है, जिसमें कई दावेदारों को बाहर कर दिया गया है ताकि वे चुनाव न लड़ पाएं।

**दर्जनों एप और गैर-शैक्षणिक कार्यों के बढ़ते बोझ पर एसोसिएशन ने जताई आपत्ति**

# शिक्षकों को डेटा एंट्री ऑपरेटर बना दिया शिक्षा विभाग ने: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने शिक्षकों पर लगातार बढ़ाए जा रहे मोबाइल एप आधारित कार्यों एवं गैर- शैक्षणिक जिम्मेदारियों का कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि शिक्षकों को पढ़ाने के बजाय विभिन्न विभागों के ऑनलाइन कार्यों में उलझाया जा रहा है, इससे विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन प्रभावित हो रहा है तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि विभाग ने जब मन चाहा शिक्षकों को एक नए एप मोबाइल में इंस्टाल करने आदेशित किया, समय सीमा और वेतन रोकने जैसे हथकंडे अपनाकर भयादोहन किया और जबरदस्ती शिक्षकों को डाटा एंट्री ऑपरेटर बना दिया। अभी शिक्षकों को कई एप एवं पोर्टलों पर नियमित रूप से कार्य करना पड़ रहा है, शिक्षकों के मोबाइल हैंग होना उनके लिए आम समस्या बन गया है, डेटा खर्च करना व नियमित मोबाइल में




चिपके रहना उनकी मजबूरी हो गई है, इससे शिक्षकों के सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है, वर्तमान में इस प्रमुख एप पर शिक्षक कार्य कर रहे है-0 ई जादुई पिटारा- डिजिटल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण सामग्री का उपयोग।0 वोटर हेल्पलाइन- मतदाता संबंधी जानकारी एवं चुनावी कार्य।3. बीएलओ एप मतदाता सूची सत्यापन एवं अद्यतन।4. आयुष्मान एप आयुष्मान कार्ड एवं लाभार्थी सत्यापन।5. दीक्षा एप ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं डिजिटल पाठ्य सामग्री।6. सीजी एमडीएम एप- मध्याह्न भोजन की दैनिक जानकारी।7. सीजी वीएसके एप विद्यालय संबंधी ऑनलाइन रिपोर्टिंग। 8. आईगाट कर्मयोगी शासकीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। 9. उल्लास एप वयस्क साक्षरता अभियान। 10. टीबीसी बुक स्केन एप- क्यूआर कोड आधारित शैक्षणिक सामग्री।1 1. समग्र शिक्षा – छात्र, विद्यालय एवं योजनाओं का डेटा प्रबंधन। 12. पढ़ई तुंहर द्वार – ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था। 17. शाला कोष – विद्यालय का वित्तीय प्रबंधन। 18. उल्लास साक्षरता – नवसाक्षरता कार्यक्रम संचालन ।19. सुगम संदेश सूचना का अधिकार एवं पत्राचार संबंधी कार्य सहित अन्य एप पर काम लिया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि इन एप्स के माध्यम से शिक्षकों से प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की जानकारी अपलोड कराई जा रही है। शिक्षा विभाग के अलावा चुनाव, स्वास्थ्य, साक्षरता, सर्वेक्षण और अन्य विभागीय कार्यों का बोझ भी शिक्षकों पर डाला जा रहा है इससे शिक्षक अपने मूल दायित्व यानी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं।

# राष्ट्रकवि कोई उपाधि नहीं सम्मानसूचक शब्दः ब्रजेश

**बिलासपुर।** हाल के दिनों में साहित्यकार ब्रजेश सिंह को लेकर विभिन्न माध्यमों में राष्ट्रकवि की उपाधि के विषय पर चर्चा की जा रही है।



इस संबंध में ब्रजेश सिंह ने स्पष्ट करते हुए कहा कि साहित्य जगत में राष्ट्रकवि संबोधन किसी शासकीय उपाधि के रूप में नहीं, बल्कि साहित्यिक योगदान, जनस्वीकृति और विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं एवं विद्वानों द्वारा दिए गए सम्मानसूचक संबोधन के रूप में प्रचलित रहा है। हिंदी साहित्य में समय-समय पर अनेक साहित्यकारों को इस प्रकार संबोधित किया गया है। राष्ट्रीय चेतना और आहुति महाकाव्य पर अनेक साहित्यकारों, समीक्षकों एवं शोधकर्ताओं ने अपने विचार उनके प्रति व्यक्त किए हैं। उनके साहित्य पर प्रकाशित शोधग्रंथों एवं समीक्षाओं के आधार पर विभिन्न मंचों पर उन्हें इस नाम से संबोधित किया जाता रहा है। संभवतः इन्ही ग्रन्थों के आधार पर नगर निगम के तत्कालीन अधिकारियों ने 2014 में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के शिलालेख में ब्रजेश सिंह के साथ राष्ट्रकवि अंकित किया होगा। इसकी वास्तविक जानकारी वे ही दे सकते हैं। उनकी डॉ. की उपाधि मानद स्वरूप की है। उन्होंने स्वयं कभी भी इसे पीएचडी की शैक्षणिक उपाधि के रूप में प्रस्तुत या दावा नहीं किया है। आरोपकर्ता की नीयत सही होती तो उनके रचनाकर्म पर ध्यान दिया गया होता, इसका उद्देश्य केवल नीचा दिखाना हो सकता है।



## आर्ट से सजाई गैलरी

मंगलम महोत्सव में शहर की नन्ही कलाकार वेंदाशी सिंह द्वारा महज 12 वर्ष की उम्र में कई तरह की आर्ट पेंटिंग बनाकर गैलरी को सजाया है। इन्होंने बताया कि बचपन से ही आर्ट करना पसंद है,हर दिन भगवान, नेचर व आकर्षक पेंटिंग से कला को निखार रही है।

एग्जाम अपडेट

## प्री-डीएड व बीएड की प्रोविजनल आंसर-की जारी 30 तक आपत्ति

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्री-डीएड 2026 का रिजल्ट और फाइनल आंसर-की जारी कर दी है। वहीं, प्री-बीएड की प्रोविजनल आंसर-की भी जारी की गई है, जिस पर अभ्यर्थी 30 जून तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन बोर्ड ने छत्तीसगढ़ प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इसके साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की फाइनल आंसर-की भी जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी आधिकारिक




वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट और फाइनल आंसर-की डाउनलोड कर सकते हैं। रिजल्ट देखने के लिए उम्मीदवारों को अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड की सहायता से लॉग इन करना होगा। बोर्ड के अनुसार, छत्तीसगढ़ प्री-डीएलएड का परिणाम प्रोविजनल आंसर-की पर प्राप्त सभी आपत्तियों की समीक्षा करने के बाद तैयार किया गया है। इसके बाद फाइनल आंसर-की जारी की गई और उसी के आधार पर रिजल्ट घोषित किया गया। बतादें कि छत्तीसगढ़ प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 जून को डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन कार्यक्रम में प्रवेश के लिए किया गया था।

बोर्ड ने छत्तीसगढ़ प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा की प्रोविजनल आंसर-की भी जारी कर दी है। यह परीक्षा 11 जून को आयोजित की गई थी। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा दी है, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रोविजनल आंसर-की देख सकते हैं। सभी प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा करने के बाद छत्तीसगढ़ प्री-बीएड की फाइनल आंसर-की जारी की जाएगी। इसके बाद ही प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा।

# 'मंगलम महोत्सव' में नृत्य-संगीत से सज रही शाम



भरतनाट्यम नृत्य कर दी प्रस्तुति

मंगलम महोत्सव में आराध्या तिवारी ने भरतनाट्यम नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर मंत्रमुंगध कर दिया, इन्होंने ग्रुप प्रस्तुति देकर तीसरा स्थान हासिल किया है, इन्होंने बताया कि कलावृक्ष केन्द्र से सीखकर इसमें परांगत हुई।

शहर में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने मंगलम कला केंद्र द्वारा 25 से 28 जून तक चार दिवसीय 'मंगलम महोत्सव' का आयोजन लखीराम अग्रवाल स्मृति ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। जिसमें हर दिन 100 से अधिक शहर के 5 से लेकर 20 वर्ष तक के प्रतिभागी इसमें शामिल हो रहे है, जिसमें कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, मोहिनीअट्टम, रवींद्र नृत्य, सेमी-क्लासिकल, वेस्टर्न, बॉलीवुड, लोकनृत्य, लावणी, शास्त्रीय एवं गैर-शास्त्रीय गायन तथा विभिन्न वाद्य यंत्रों की विधाओं में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे है।







### हर दिन 100 से अधिक प्रतिभागी ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजक गरिमा सिंह परिहार ने बताया कि स्पर्धा में इसके अलावा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों द्वारा कई तरह की आकर्षक ड्राइंग बनाई गई है।

प्रतियोगिता में एकल, युगल और समूह तीनों वर्गों में भाग ले रहे है, समूह प्रस्तुति में अधिकतम 8 से 10 कलाकारों को शामिल किया गया है। महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के कलाकार और विद्यार्थियों को मौका मिल रहा है।



# राष्ट्रीय संगीत, नृत्य एवं कला की अनूठी संगम स्थली बना शहर

### कलाकारों ने मंच पर बिखेरा प्रतिभा का जादू

नाद मंजरी सीजन-3 प्रतियोगिता का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में हुआ हुआ। कार्यक्रम के पहले ही दिन देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मंच पर 5 वर्ष के नन्हे प्रतिभागियों से लेकर 74 वर्ष के वरिष्ठ कलाकारों तक ने अपनी-अपनी कला विधाओं का शानदार प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि कला की कोई उम्र नहीं होती।

संगीत, नृत्य, वादन, ड्राइंग एवं पेंटिंग सहित विभिन्न विधाओं में करीब 150 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिव शक्ति, रायगढ़ के चक्रधर कला संगीत महाविद्यालय, नृत्य गुरु प्रति गोस्वामी, गुरु वत्सला गुप्ता, सुशांत साहा, संगीत गुरु विपुला दास के विद्यार्थियों सहित विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन थावे विद्यापीठ में कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक, न्यायमूर्ति डॉ चंद्रभूषण बाजपेयी, प्रसिद्ध कथक गुरु रिमझिम सोनी, वरिष्ठ संगीताचार्य रमाकांत त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजक पंकज खंडेलवाल, मयूरी खंडेलवाल, सुरेंद्र वर्मा, दीपक, तरुण मिश्रा सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे।




अभियान

## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली



**बिलासपुर।** नशा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा चेतना अभियान के अंतर्गत विभिन्न चरणों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा इसी क्रम में सभी थाना चौकी प्रभारी के द्वारा नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत सप्ताह मनाया जा रहा है। अंतिम दिवस पर बिलासपुर के सभी थाना चौकी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में थाना प्रभारियों के साथ जागरूकता अभियान रैली चलाई गई नशा मुक्त बिलासपुर और नशा मुक्त समाज बनाने में बिलासपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही के साथ साथ जनता को जागरूक कर नशा के विरुद्ध अभियान में अहम योगदान रहेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पंकज पटेल, सीएसपी निमितेश सिंह, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार गुप्ता, निरीक्षक देवेश सिंह, निरीक्षक रवींद्र अनंत, निरीक्षक नीलेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने आम जनता से नशा के दुष्प्रभाव को बताते हुए, युवा, बच्चे, महिला लोगों को कार्यक्रम में शामिल करते हुए, रैली निकाली गई, आम जनता से अपील किया गया नशा न करे और स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रखें तथा स्वस्थ समाज का निर्माण में पुलिस का सहयोग करें।

# लायंस चौक का होगा निर्माण, कार्यकारिणी का शपथग्रहण

लायंस क्लब का शपथग्रहण मुख्य आतिथ्य तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर एवं विशिष्ट आतिथ्य महापौर पूजा विधानी में हुआ। जिसमें अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा, सचिव मनीष कुमार चंदेल एवं कोषाध्यक्ष रौनक अग्रवाल सहित पूरी टीम को शपथ अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रीतपाल बाली ने अपने विशिष्ट अंदाज में शपथ दिलाई। अध्यक्ष हर्ष पांडे, सचिव रमेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष राजेश दुबे ने कार्य का हस्तांतरण विधिवत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पद तो आते जाते रहते हैं, पर पद का अहंकार मनुष्य को गर्त में ले जाता है। उन्होंने लायंस के सदस्यों से जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि लायंस के साथियों को सेवा एवं अन्य कार्यो में जो भी मदद होगी वह अवश्य करेंगे।




महापौर पूजा विधानी ने कहा कि नागरिको को जागरुक होकर नगर विकास में योगदान देना चाहिए, कचरा प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम नगर को साफ सुथरा रखें, उन्होंने लायंस क्लब के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए नव नियुक्त अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा की मांग पर लायंस चौक के निर्माण की घोषणा करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि लायंस के मूल सिद्धांतों पर कायम रहते हुये स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा, उन्होंने महापौर से नगर में लायंस चौक निर्माण की मांग की जिसे महापौरपूजा विधानी ने स्वीकृति प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आर. के. खेत्रपाल एवं नरेंद्र पाल सिंह गांधी ने किया। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र सिंह छाबड़ा. मोहन होनप. विजय क्रांति तिवारी .हर भजन सिंह गंभीर रहे। इस अवसर पर प्रथम उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह गंभीर, द्वितीय उपाध्यक्ष राकेश पांडे, तृतीय उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, टेल ट्विस्टर अमरजीत सिंह दुआ, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन डा. आर. के. खेत्रपाल , सह सचिव गुरु चरण सिंह राजपाल सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

# आईसीएआई द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण



बिलासपुर। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बिलासपुर शाखा, सीआईआरसी द्वारा सीए सप्ताह के अंतर्गत सामाजिक उत्तरदायित्व एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करने की भावना से विद्यार्थियों के मध्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री प्रदान करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, अनुशासन एवं परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शाखा द्वारा यह संदेश भी दिया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा की आवश्यक सामग्री पहुँचाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि आईसीएआई केवल लेखा एवं वित्तीय क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति भी निरंतर सक्रिय रहता है। विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक छोटा-सा योगदान देने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अविनाश सिंह टुटेजा ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की आधारशिला है तथा ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। सीए सप्ताह के दौरान शाखा द्वारा विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में शाखा के अन्य पदाधिकारी, प्रबंध समिति के सदस्य, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की उपस्थिति रही।

धर्म-क्षेत्र

## गंगा दशहरा पर पंच कुंडीय यज्ञ व विशेष पूजन



**बिलासपुर।** गंगा दशहरा के पावन पर्व में गायत्री प्रजापीठ सरकंडा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व गंगा भवतरण की विशेष पूजा संपन्न हुई। अध्यात्म का वास्तविक आधार चमत्कार नहीं बल्कि



व्यक्तित्व का परिकार है ,ऋषि परम्परा का उद्देश्य मनुष्य को के भीतर दिव्यता, चरित्र आदर्श और मठत व्यक्तित्व का निर्माण करना है। जिस प्रकार भागीरथी ने तपस्या करके गंगा को धरती पर अवतरित किया उसी प्रकार युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपने कठोर तप और त्याग से जान गंगा को जन-जन तक पहुंचाने का महान कार्य किया है। ये जानकारी कार्यवाहक प्रबंध डॉ अनिता पाठक ने दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्रीकांत शर्मा, बी. आर परेम,एस एस जाय रावतल, आई एस चंदेल, राखी राग का विशेष योगदान रहा।

कार्नर न्यूज

# 'बिलासा' की प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित चार दिवसीय योगेश स्मृति नाट्य समारोह का शुभारंभ गुरुवार को लोकनाट्य 'बिलासा' की प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ हुआ। प्रथम दिवस का आयोजन अग्रज नाट्य दल के दिवंगत रंगकर्मी अनीश श्रीवास की स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर उनके पिता एवं वरिष्ठ रंगकर्मी महेश श्रीवास उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ की लोकगाथा पर आधारित इस नाटक ने वीरांगना बिलासा के साहस, स्वाभिमान और संघर्ष की कथा को लोकगीत, लोकधुन, प्रभावशाली अभिनय एवं रंग-शिल्प के माध्यम से सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। नाटक का लेखन सुमेधा अग्रशी ने किया है, जबकि निर्देशन एवं संगीत निर्देशन कुणाल भांगे का है। प्रस्तुति में लोकनाट्य शैली और समकालीन रंगभाषा का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ दिया। समारोह के मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि अग्रज नाट्य दल रंगकर्म के माध्यम से समाज और संस्कृति को सशक्त करने का कार्य कर रहा है। 'बिलासा' जैसी प्रस्तुति केवल एक नाटक नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, इतिहास और अस्मिता को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने योगेश स्मृति नाट्य समारोह को कला और समाज के बीच सशक्त संवाद स्थापित करने वाला सराहनीय प्रयास बताया। पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने कहा कि अग्रज नाट्य दल ने बिलासपुर को जो सांस्कृतिक पहचान दी है, वह पूरे शहर के लिए गर्व की बात है और यह संस्था की बड़ी उपलब्धि है।





### भाव और विचार आज भी हमारे बीच जीवित

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक समीर कांत माथुर ने कहा कि जब उन्होंने नाटक का नाम 'बिलासा' देखा तो इसी उद्देश्य से कार्यक्रम में आए कि इसके माध्यम से बिलासपुर की संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। नाटक देखने के बाद उन्हें इस क्षेत्र के इतिहास, लोकजीवन और सांस्कृतिक विरासत को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान वित्तीय सलाहकार मोहम्मद जावेद मजहर ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कलाकारों के अभिनय तथा नाटक के सांस्कृतिक पक्ष की प्रशंसा की।आकाशवाणी बिलासपुर की कार्यक्रम प्रमुख डॉ. सुप्रिया भारतीयन ने कहा कि यह आयोजन योगेश, अनीश और रीतेश की स्मृति को समर्पित है। 'बिलासा' की प्रस्तुति देखते हुए ऐसा लगा मानो उनके भाव और विचार आज भी हमारे बीच जीवित हैं। उन्होंने कहा कि "नाटक समाज का झरोखा है। नाटक का संगीत अत्यंत आकर्षक और प्रभावशाली रहा।



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

## लाइफ Style

# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौवीं कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'



## हॉलीवुड मसाला



# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल जिंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे।

इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।



### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।

### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

# बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी



**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है।

# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!



**मुंबई।** एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी।

टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।


**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जगत प्रताप सिंह, पिता गुणेश्वर सिंह क्षत्री एवं प्रसून गोस्वामी, पिता पूर्णेंदु गोस्वामी** द्वारा भूमि **खसरा नंबर 352/9,353/2,354/2 ग्राम- पंधी, प. ह. न. 18 तहसील - सीपत, जिला बिलासपुर** के सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के समीप स्थित चौहद्दीदारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक **30/06/2026** को सीमांकन कार्यवाही हेतु सभी संबंधित व्यक्ति अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। समीप चौहद्दीदार : (1.) नंदनी साहू — खसरा नंबर **352/5** (2.) राजेश कुमार — खसरा नंबर **352/7, 355/24, 355/25, 355/26** (3.) मृदुभाषिणी पाटनवार — खसरा नंबर **352/2, 353/1, 354/4** (4.) दशेराम डहरिया — खसरा नंबर **352/10** (5.) प्रेम सागर सीमांकन की कार्यवाही दिनांक **30 जून 2026** को समय **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक** की जाएगी। अतः सभी संबंधित पक्ष समय पर उपस्थित होकर सीमांकन कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें।

**राजस्व निरीक्षक**
रा. नि. खमरिया / सीपत
तहसील — सीपत

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2025-26
ग्राम पदमपुर प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम पदमपुर वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका/ श्री/ श्रीमती/ कु. मुकेश पिता/ पति मिठाई राम जाति .... निवासी ग्राम पदमपुर तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने चाचा जलेबी के मृत्यु दिनांक 01.01.1982 को ग्राम पंचायत पदमपुर में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 07.07.2026 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमांक / कार्यालय / रा.नि./क्यू./20
कोनी / दिनांक 25/06/2026
1.सतीश तिवारी पि. बलराम प्रसाद तिवारी
2.धर्मेन्द्र साहू 3. राकेश मिश्रा
विषय:- सीमाकंन में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं.25 राजस्व निरीक्षक मंडल-कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 825/36 शामिल 828/27 रकबा क्रमशः 0.016 के सीमाकंन हेतु छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।


संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमाकन दिनांक 03/07/26 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात् की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।


**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. कोनी**
**तहसील-बिलासपुर**

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार:-**

क्रमांक क/423/अति.कले./वाचक/ 2026
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 16.06.2026

आवेदक चेतन साहू पिता खूबचंद साहू उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 10 ग्राम गोरखपुर, गौरेला तहसील पेण्ड्रारोड जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) एवं आवेदिका रीना राठौर पिता, रामाधार राठौर उम्र 21 वर्ष, निवासी निवासी वार्ड क्र. 10 कम्पनीटोला, हर्राटोला पो. लालपुर तहसील पेण्ड्रारोड जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनांक 20/07/26 को प्रातः 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


चेतन साहू


रीना राठौर

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, (छ.ग.)**

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं जुलियत लकडा आयु 69 वर्ष पिता स्व. मोरिस लकडा जाति उरांव निवासी गणेश नयापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं:
1. यह कि मेरे स्वयं के नाम एवं स्वामित्व की जमीन/ मकान मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 22 ख.नं. 202 रा.नि.मं. बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा जिला बिलासपुर नगर निगम बिलासपुर के अंतर्गत स्थित है जिसका खसरा नंबर 780/2 का टुकड़ा रकबा 0.051/2 ए. (0.022 हेक्टेयर) (2400 वर्गफुट) है जिसे मैने विक्रेता तातूराम वल्द जोहन जरिये मु. आम मालिक राम वल्द स्व. लतेल सिंह से मैं रजिस्ट्री दिनांक 10.01.1992 को क्रय कर काबिज चला आ रहा हूं। 2. यह कि मेरी बहू श्रीमती डॉ. शोभा मिंज पति श्री पिंगल लकडा निवासी नगर नया पारा बिलासपुर छ.ग. भारतीय स्टेट बैंक शाखा व्यापार विहार बिलासपुर छ.ग. से मेरे नाम को उक्त संपत्ति के आधार पर माडगेज लोन ले रही है। जिस लिये वह मेरी उक्त संपत्ति के मूल बैनामा रजिस्ट्री पेपर बैंक में बंधक रखकर जमा कर है। उक्त मूल बैनामा रजिस्ट्री पेपर के सभी पन्ने लेमिनेटेड है जिसकी जानकारी मुझे उक्त बैनामा रजिस्ट्री पेपर ओरिजनल ही है। मैने सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने बैनामा रजिस्ट्री पेपर के सभी पन्नो को लेमिनेटेड कराया है। 3. यह कि मेरी बहू श्रीमती डॉ. शोभा मिंज द्वारा लिये जा रहे उक्त माडगेज लोन मै को एप्लीकेंट हूं। 4. यह कि उक्त संपत्ति कहीं भी रहन, गहन, बय, बक्शीश बंधक या विवादित नहीं है उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में लंबित या विचाराधीन नही है। उक्त संपत्ति पूर्ण रूप से पाक साफ है। 5. यह कि उक्त लेमिनेटेड मेरे मूल रजिस्ट्री पेपर जिसे मैं बैंक में बंधक रखा रहा हूं उसके संबंध में यदि भविष्य में कोई विवाद होगी तो उसकी जवाबदारी मेरी रहेगी। 6. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूं।

**सत्यापन**

मैं जुलियस लकडा उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक तसदीक करता हूं कि उक्त शपथ पत्र को कंडिका 1 से 6 में लिखी हुयी संपूर्ण बाते मेरी निजी जानकारी के अनुसार सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक 25.06.2026 को बिलासपुर में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता- जुलियस लकड़ा**



## खबर संक्षेप

### मितानिनों की दवा पेटी में जरूरत की दवा नहीं

**मोपका।** बेलतरा क्षेत्र के मितानिनों के पास दवा पेटी में जरूरत की कुछ भी दबाई उपलब्ध नहीं है। लगभग 2 साल पहले उल्टी दस्त, खुजली, बुखार, खांसी की दवा पहले उपलब्ध रहती थी पर इस साल बरसात नजदीक है लेकिन ओआरएस सहित उक्त दवाईयां नहीं मिल पा रही है। इसकी शिकायत मितानिनों ने मीटिंग में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी से की तो उन्होंने बताया कि ऊपर से किसी प्रकार की दवा पेटी नहीं आ रही है।

### अवैध शराब के खिलाफ छापामारी कार्रवाई

**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त लोरमी की टीम ने थाना लालपुर अंतर्गत ग्राम मनोहरपुर-खपरीडीह में कार्रवाई करते हुए लेखराम साहू के कब्जे से 14.580 लीटर देशी मदिरा प्लेन जब्त की। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी लेखराम साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई सहायक आबकारी अधिकारी रविन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में की गई।

## निधन

### संतोष पांडेय



**बिलासपुर।** ग्राम बड़ी कोनी निवासी संतोष पांडेय का 70 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कोनी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व.रामूलाल पांडेय के ज्येष्ठ पुत्र,इंजीनियर सुधांशु पांडेय के पिता,संगीत शिक्षिका सरिता पांडेय के ससुर, अरूण पांडेय, सतीश पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, मंजूलता पांडेय व उषा शुक्ला के बड़े भाई थे।

### केके पद्मिनी




**बिलासपुर।** यश अपार्टमेंट मन्नू चौक टिकरापारा निवासी केके पद्मिनी का 26 जून को निधन हो गया। उनकी शव यात्रा 27 जून को दोपहर 2 बजे उनके निवास टिकरापारा से दयालबंद मधुबन मुक्ति के लिए निकलेगी। वे पीजी जयकृष्णन की माता थीं।

### राम वाधवा



**मुंगेली।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक और व्यवसायी प्रदीप ड्रेसेस संचालक राम वाधवा का आज 26 जून को निधन हो गया। वे प्रदीप वाधवा के भाई, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार वाधवा, अमित एवं रॉकी के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार दाऊपारा मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

### टीकम सोनी



**मंगेली।** नगर के व्यवसायी टीकम सोनी का आकस्मिक निधन 25 जून की बीती रात्रि में हो गया। वे राजू पुस्तक भण्डार के संचालक राजकुमार सोनी एवं राघव ज्वेलर्स के संचालक कमल किशोर सोनी के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार बुधवारी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में स्वजातिय बंधु सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कमला देवांगन



**मंगेली।** श्रीमती कमला देवांगन का आज 26 जून को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रावणभाठा स्थित देवांगन समाज मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में स्वजातियजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रघु कौशिक

**बिलासपुर।** ग्राम बोड़सरा निवासी रघु कौशिक 89 वर्ष का 26 जून को निधन हो गया। वे रामकली कौशिक के पति, रमेश कौशिक, रामकुमार कौशिक के पिता, सूर्यकांत कौशिक, नीरज कौशिक के दादा थे।

### 20 लाख की फसल बर्बाद, सदमें में किसान

# आंधी और बारिश से केले की फसल तबाह

ग्राम पंचायत चातरखार अंतर्गत बाघामुड़ा ग्राम में पिछले सप्ताह अचानक हुए तेज आंधी और बारिश से केले की फसल तबाह हो गई। वहां के कृषक राजेश तिवारी, मृत्युंजय तिवारी एवं आरती तिवारी के फार्म हाउस में लगे 3 एकड़ रकबे में 3000 केले के पौधे लगाए थे, जो अब पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

फसल बर्बाद होने से किसान कृषक परिवार सदमे में आ गए है। किसान ने बताया कि उन्होंने खेती के लिए लाखों रुपए का कर्ज लिया था और पूरी उम्मीद इसी फसल पर टिकी थी। अब उन्हें कर्ज चुकाने की चिंता सता रही है। किसान राजेश तिवारी एवं अन्य की फसल भी पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

उनके अनुसार इस बार केले के अच्छे दाम मिलने की संभावना थी और फसल लगभग तैयार हो गया था और बाजार में मांग भी बनी हई थी। उन्होंने बताया कि करीब 4 से 5 लाख की लागत लगी थी। अनुमानित टोटल 20 लाख रुपए की फसल को नुकसान हुआ है। किसान परिवार का कहना है कि केले के हुए लाखों रुपए का नुकसान होने के बावजूद अब तक कोई राजस्व या प्रशासनिक अधिकारी मौके पर सर्वे के लिए नहीं पहुंचा है। प्रभावित किसान परिवार ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है।




तेज हवाओं से केले के पौधे गिरे।



# नेशनल ट्रायल के लिए 30 प्रशिक्षकों का चयन

**गौरेला।** कराते का प्रशिक्षण देकर भावी पीढ़ी को सशक्त बना रहे प्रशिक्षक मनोज यादव के 30 प्रशिक्षकों का चयन नेशनल ट्रायल के लिए हुआ है। यह दल आज जांजगीर-चांपा जाएगा। जहां खिलाड़ियों की प्रतिभा परखी जाएगी। नेशनल काई फेडरेशन के तत्वावधान में अगस्त माह में कराते का राष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित होना है। इसी टूर्नामेंट के लिए जांजगीर-चांपा में नेशनल ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रायल में सफल रहने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका पाएंगे। प्रशिक्षक मनोज ने बताया कि बच्चे पिछले कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। काता और कुमिते दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने जिला व राज्य स्तर पर पदक जीते हैं।

■ परखी जाएगी खिलाड़ियों की प्रतिभा

ग्रामीण क्षेत्र के इन बच्चों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना ही उनका लक्ष्य है। क्षेत्र के खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। प्रशिक्षक के प्रयास से पदक जीतने का मिल रहा मौका कराते एसोशियशन जीपीएम के संचालक और कुशल प्रशिक्षक मनोज यादव वर्षों से स्कूली बालक-बालिकाओं एवं आसपास के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# दृष्टि बाधित युवक दे रहा गीतों की शानदार प्रस्तुति

**तखतपुर।** विकलांगता किसी की जीवन के लिए बाधक नहीं हो सकती है। विकलांग इंसान दिमाग से होता है। इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम हरदी के जगेश्वर यादव और उसका परिवार है। जगेश्वर भागवत, रामायण, श्रीकृष्ण लीला सहित अन्य मंचों में शानदार गीतों की प्रस्तुति देता है।



बताया जाता है कि उस परिवार में महिला की पति दृष्टि बाधित, पत्नी अस्थि बाधित होते हुए भी अपना जीवन खुशी से बिता रहे हैं। उन्हें अपने जीवन से कोई शिकायत भी नही है। जगेश्वर यादव जन्म से ही दृष्टि बाधित है पर आंखों की रोशनी इनके जीवन में कभी बाधक नहीं बनी। एक नेत्र ज्योति वाला व्यक्ति अपने जीवन को नहीं संवार सकता है। वहीं जगेश्वर ने अपने जीवन में वह हर कार्य किया जिसे एक सामान्य इंसान भी नहीं कर सकता है। जगेश्वर के पिता कभी नहीं चाहते थे कि वह कभी किसी का आश्रित हो इसके लिए उसने अपने बेटे को ब्लाईंड स्कूल तिफरा, मनेंद्रगढ़ फिर इंदौर में जाकर पढ़ाई कराई। ब्रेन लिपि पढ़ाने वाला अच्छा शिक्षक न होने के कारण वह कॉलेज की पढ़ाई नहीं कर पाया पर 12वीं तक उसने जीतना भी ज्ञान अर्जित किया उसमें उसने अपना जीवन संवार लिया। जगेश्वर को आसपास क्षेत्र में हर व्यक्ति धार्मिक गीतों के गायक के रूप में पहचानता है। इसकी पत्नी संगीता यादव भी अस्थि बाधित है पर इनकी बगिया में चार स्वस्थ्य फूल खिले जो इनके जीवन की आंखों की रोशनी बन गई है। गीत-संगीत ही अब इनके आय का जरिया है।

### पावर कंपनी की वादा खिलाफी के खिलाफ आंदोलन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों और पावर कंपनी के वादा खिलाफी के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। भारतीय मजदूर संघ से संबंध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के नेतृत्व में यह मोर्चा खोल दिया है महासंघ बिलासपुर क्षेत्र के सचिव रविकांत सिंह ठाकुर ने बताया कि राज्य शासन की पूर्व में मिली सैद्धांतिक सहमति के बावजूद आज तक विद्युत कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली लाभ से वंचित रखा गया है कर्मचारियों की प्रमुख लंबित मांगों में पुरानी पेंशन लागू करने, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नई भर्ती, लंबित पदोन्नति आदेश जारी करने, तकनीकी तथा कंप्यूटर भत्ता देने, वेज रिवीजन कमेटी गठित करने और ठेका श्रमिकों को सीधे पावर कंपनी से भुगतान तथा भरती में प्राथमिकता देने जैसी मांग शामिल है।

# जैविक खेती के महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र हथनी द्वारा ग्राम हथनी में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू ने जैविक खेती के महत्व एवं लाभों पर प्रकाश डाला।

■ एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




पुष्पांजलि पंकज ने कद्दू वर्गीय सब्जियों की खेती, सुरेश कुमार ने पुष्प उत्पादन की तकनीक, डॉ. राकेश गिरि गोस्वामी ने मटका खाद, मिट्टी परीक्षण के लाभ, डॉ मकसूदन वर्मा ने फल फसलों की उन्नत खेती तथा डॉ संध्या साहू ने ट्राइकोडर्मा के उपयोग संबंधी जानकारी दी। डॉ मुकेश पटेल ने जैविक खेती के साथ धान की फसल में तना छेदक एवं भूरा माहो जैसे प्रमुख कीटों के प्रबंधन तथा विभिन्न सूक्ष्म जैवनाशी तथा जैव उर्वरक के उपयोग की जानकारी दी। डॉ ऋतु स्वर्णकार ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों एवं लाभों पर चर्चा की। सुश्री किरण साहू ने विभिन्न फसल पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम हथनी की सरपंच ज्योति मनी, मनीराम बंजारे के साथ ही महाविद्यालय के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रोहित ने किया।

# देवरीखुर्द शाला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव




**बिलासपुर।** देवरीखुर्द तखतपुर (बिलासपुर)। नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला 6 वीं एवं शासकीय प्राथमिक शाला कक्षा पहली देवरीखुर्द संकुल केंद्र खम्हरिया, विकासखंड तखतपुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू एवं विशेष आमंत्रित अतिथि जनपद पंचायत सरपंच रामकुमार कौशिक, उपसरपंच जय प्रकाश कश्यप, पूर्व सरपंच विनोद कौशिक, पंच विष्णु कौशिक, सीता यादव, सुलेखा कौशिक, शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज कौशिक, प्राथमिक शाला विकास समिति अध्यक्ष मोहन कौशिक, बद्री प्रसाद कौशिक, आंगन बड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा मानिकपुर, तखतपुर सभापति मनहरण लाल कौशिक आदि उपस्थित थे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का चंदन तिलक, पुष्पमाला एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, उन्हें विद्यालय से निरंतर जोड़कर रखने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु विद्यालय के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं एवं विकास कार्यों से संबंधित मांग-पत्र भी अतिथियों को सौंपा गया, जिस पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।

### शालाओं का संकुलवार किया जा रहा ऑडिट

**लोरमी।** ऑडिटरों का 6 सदस्यीय दल सोशल ऑडिट करने बीआरसी भवन लोरमी पहुंचे। विकासखंड के अंतर्गत संचालित सभी शालाओं का संकुलवार तिथि घोषित कर 23 से 30 जून तक ऑडिट किया जा रहा है। सोशल ऑडिट का काम मेसर्स प्रेमचंद एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट रायपुर द्वारा कराया जा रहा है। सोशल ऑडिट करने ऑडिटर महेंद्र सोनकर, चंदन देवांगन, यमुना चौधरी, रेवा लाल, हर्ष कैवर्त, संदीप भारती द्वारा 23 जून से प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। स्कूलों का सोशल ऑडिट 2023-2024, 2024-2025 एवं 2025-26 का होगा।

# मुआवजे की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर जोर

**मुंगेली।** सुप्रीम कोर्ट के एस. राजसीकरण बनाम यूनियन ऑफ इंडिया प्रकरण में 12 जनवरी 2024 को पारित आदेश तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जिला न्यायालय परिसर में हिट एंड रन मुआवजा योजना-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में अज्ञात वाहनों से प्रभावित मृतकों एवं गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को समयबद्ध मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी ने हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों एवं उनके आश्रितों को निर्धारित मुआवजा समय पर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज समयबद्ध ढंग से तैयार कर पुलिस एवं परिवहन विभाग के समन्वय से सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं, ताकि पात्र हितग्राहियों को बिना अनावश्यक विलंब के क्षतिपूर्ति मिल सके। बैठक में पीड़ित पक्षकारों के क्षतिपूर्ति आवेदन, दुर्घटना में मृत्यु अथवा गंभीर चोट के मामलों में मुआवजा निर्धारण तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि हिट एंड रन मुआवजा योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों एवं उनके परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी संबंधित विभाग संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए न्यायपालिका, प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रत्येक पात्र प्रकरण में समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।



# महिला की मौत पर विवाद, मायके वालों ने लगाया जबरिया जहर पिलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/मुंगेली

मुंगेली के ग्राम खेड़ा निवासी महिला की जहर खाने से मृत्यु होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर जबरिया जहर पिलाने का आरोप लगाते हुए मुंगेली एसपी से शिकायत की है। इस मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

जानकारी के अनुसार 13 वर्ष पूर्व तखतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पोंड़ी की लक्ष्मिन पाण्डेय का विवाद मुंगेली ग्राम खेड़ा निवासी दीनबंधु पाण्डेय से हुआ था। 19 जून को लक्ष्मिन पाण्डेय का स्वास्थ्य खराब हुआ और 20 जून की सुबह महिला की मुंगेली जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। महिला की मृत्यु के बाद मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। मृतका के भाई खूबचंद दुबे द्वारा मुंगेली एसपी से की गई शिकायत में कहा गया है कि 19 जून की शाम को उनकी भांजी ने बहन की तबीयत खराब होने की सूचना दी। उसने बताया कि उसकी मम्मी को उल्टी हो रही है और चक्कर आ रहा है। 19 जून की रात 12 बजे उनकी बहन के पति दीनबंधु पाण्डेय ने सूचना दी कि तुम्हारी बहन की तबियत खराब है, उसे नीले रंग की उल्टी हो रही है, दीनबंधु ने बताया कि तुम्हारी बहन ने जहर सेवन किया है। वे रात 2 बजे मुंगेली जिला अस्पताल पहुंचे, तो उनकी बहन वेंटिलेटर पर थी, सुबह 4 बजे उसकी मृत्यु हो गई।



■ मुंगेली एसपी से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन के स्वास्थ्य खराब होने पर समय पर सूचना नहीं दी गई, इससे यह संदेह होता है कि उनकी बहन को जबरिया जहर पिलाया गया है। मृतका के भाई ने बहन के ससुराल पक्ष पर पूर्व में बहन को प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया है। मुंगेली एसपी से शिकायत कर मामले की पूरी जांच करने और कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### खरीफ फसल की तैयारी पूरी, बारिश का इंतजार

# मानसून की बेरूखी से किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

सेतगंगा फास्टरपुर परिक्षेत्र में मानसून की देरी और मौसम विभाग द्वारा सामान्य से कम वर्षा की आशंका जताएं जाने के बाद किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। क्षेत्र में सामान्यतः 15 जून के आसपास अच्छी बारिश की शुरूआत हो जाती है लेकिन 26 जून तक भी पर्याप्त वर्षा नही होने से किसान आसपास की ओर टकटकी लगाएं हुए है।

खरीफ सीजन की तैयारी पूरी, बारिश का इंतजार- क्षेत्र के किसानो ने खरीफ फसलो की बुवाई के लिए खाद, बीज और अन्य आवश्यक कृषि सामाग्री की व्यवस्था पहले ही कर ली है। खेतो की तैयारी भी लगभग पूरी हो चुकी है लेकिन बारिश नही होने के कारण बुवाई का कार्य शुरू नही हो पा रहा है। इससे किसानो के सामने समय पर खेती करने की चुनौती खड़ी हो गई है। कृषि विश्वविद्यालय ने जारी की विशेष सलाह- इधर भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अलनीनो के प्रभाव के कारण छ.ग. में अनियमित वर्षा एवं सूखे जैसे परिस्थितियों की संभावना व्यक्त किए जाने के बाद इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने किसानो के लिए विशेष कृषि एडवाइजरी जारी की है। विश्वविद्यालय ने कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसल किस्मों को अपनाने, धान की रोपा पध्दति के बजाये सीधी बुवाई को प्राथमिकता देने तथा खेतों में मेड़बंदी कर वर्षा जल संरक्षण करने की सलाह दी है। जल संरक्षण और वैकल्पिक फसलों पर जोर- कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को अरहर, मूंग, उडद, तिल, रामतिल, मूंगफली एवं सोयाबीन जैसी फसलों की खेती पर भी विचार करने की सलाह दी है। साथ ही डबरियो, तालाबों और कुंओ में वर्षा जल संचयन कर जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। उमस भरी गर्मी से लोग परेशान- बारिश नही होने के कारण क्षेत्र में उमसयुक्त गर्मी लगातार बढ़ रही हैं। जिससे आम जन जीवन भी प्रभावित हो रहा है। किसान अब अच्छी वर्षा की उम्मीद में भगवान से प्रार्थना कर रहे है ताकि समय पर बुवाई कर अपनी साल भर की आजीविका की व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। मौसम की अनिश्चितता ने इस बार किसानो की चिंता और बेचैनी दोनो बढ़ा दी है।




# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर



**मुंगेली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में शत-प्रतिशत पूरे किए जाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग होगी और लक्ष्य पूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एम.के.राय, सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला अस्पताल सलाहकार, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, डाटा प्रबंधक, आरएमए एवं सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे। इस दौरान एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की विशेष समीक्षा करते हुए पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**खबर संक्षेप**

### एक्टिवा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए टाइल्स मिस्त्री को दुर्घटना में घायल करने वाले एक्टिवा चालक के खिलाफ सरकंडा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। घटना 12 जून की है। जब अशोक नगर एकता कालोनी निवासी टाइलस मिस्त्री भुवन दास मानिकपुरी पिता रमेश दास मानिकपुरी दोस्त की बाइक से अशोक नगर जा रहे थे, इस दौरान रांग साइट से आ रही एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एसी 0331 के चालक ने बाइक को ठोक दिया, जिससे भुवन जमीन पर गिर गया और उसके जबड़े और शरीर में कई जगहों पर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने उसे सिम्स में भर्ती किया लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के बाद उसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। स्वस्थ्य होने के बाद प्रार्थी ने सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

**हर छोटे-बड़े काम के लिए लोगों को आना पड़ता है विकास भवन** | **अरपा पार में राजकिशोर नगर व कोनी दो जोन भी शामिल**

# पृथक नगर निगम बनने से 22 वार्डों की जनता को मिलेगी राहत


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा पार एक नए शहर के रूप में विकसित हो रहा है, सरकंडा में नगर निगम के 22 बड़े-बड़े वार्ड आते हैं, वहीं निगम एरिया को आठ जोन में बांटा गया है, जिसमें से राजकिशोरनगर व कोनी दो जोन भी अरपा पार में ही आते हैं। इतना बड़ा इलाका निगम में शामिल होने के बाद भी यहां रहने वालों को भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए इस क्षेत्र को पृथक नगर निगम बनाने के लिए आवाज उठनी भी शुरू हो गई है।

अरपा पार अपने आपमें एक व्यापक शहर का रूप ले रहा है। पुराना सरकंडा व नया सरकंडा से लेकर एक तरह कोनी तक और दूसरे तरफ राजकिशोर नगर से मोपका तक शहर का विस्तार होते जा रहा है। नगर निगम सीमा वृद्धि के बाद निगम का एरिया काफी वृहद हो गया है, जिससे हर छोटे-बड़े काम के लिए नागरिकों को कई किमी का फासला तय कर विकास भवन आता पड़ता है। अगर अरपा पार पृथक नगर निगम बन जाता है तो उस क्षेत्र के लोगों को इतनी दूर अरपा के इस पार आना नहीं पड़ेगा। वर्तमान में नगर निगम अंतर्गत 70 वार्ड हैं और प्रत्येक वार्ड का एरिया काफी दूर-दूर तक फैला हुआ है।

इन 70 वार्डों में से अरपा पार सरकंडा क्षेत्र में नगर निगम के 22 वार्ड हैं। यह 22 वार्ड दो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शामिल हैं। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 वार्ड आता है, जबकि 17 वार्ड बेलतरा विधानसभा अंतर्गत आता है। नगर निगम के आठ जोन में दो जोन कार्यालय जोन क्रमांक 7 व जोन क्रमांक 8 का कार्यालय भी अरपा पार एरिया में हैं।

**एक नए शहर का रूप ले रहा सरकंडा**



### एसईसीएल मुख्यालय से एजुकेशन हब भी यहां

अरपा पार को लंबे समय से अलग नगर निगम बनाए जाने की मांग उठती रही है। अरपा पार एरिया में एसईसीएल मुख्यालय से लेकर अपोलो हास्पिटल, प्रदेश का इकलौता सेंट्रल यूनिवर्सिटी, सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी, अटल यूनिवर्सिटी, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज, आईटीआई, गवर्नमेंट पालिटेक्निक कालेज, गवर्नमेंट एग्रीकल्चर कालेज आदि संस्थान सहित कई आवासीय कालोनियां भी अरपा पार स्थित हैं। नगर निगम सीमा वृद्धि के बाद तो अरपा पार के ग्रामीण क्षेत्र लिंगियाडीह, मोपका, खमतराई, बहतराई, कोनी, बिरकोना तक निगम सीमा बढ़ गया है।

### फंड मिलेगा तो क्षेत्र का होगा विकास

अरपा पार सरकंडा एरिया को अलग से नया नगर निगम बनाए जाने से अरपा पार क्षेत्र में अधोसंरचना विकास की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। अलग नया नगर निगम होने से शासन से फंड भी अलग मिलेगा, जिससे उस एरिया के लिए फंड की समस्या नहीं होगी। इसी तरह पुराने निगम से एरिया से लेकर नए शामिल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास होगा और मूलभूत व नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा। अभी उस क्षेत्र के ग्रामीण एरिया नगर निगम में शामिल तो कर लिए गए हैं, किन्तु वहां लोगों को निगम में आने के बाद नागरिक सुविधाओं का उतना लाभ नहीं मिल पा रहा है और न ही मूलभूत समस्याएं दूर हो पाई हैं। पानी, बिजली, सड़क, साफ-सफाई से लेकर विकास के कार्य भी उन क्षेत्रों तक पहुंचेंगे। निगम के इसी नए एरिया में अवैध प्लाटिंग, अवैध कालोनी विकसित हो रही है जिन पर नए नगर निगम बनने के बाद रोक लगेगी।

### भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा ने प्रदेश स्तर पर जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था। इसके अलावा विधानसभा स्तर पर भी बिलासपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने शहर के लिए अपना जो घोषणा पत्र जनता के बीच रखा था, उसमें एक प्रमुख वादा अरपा पार को नया नगर निगम बनाना शामिल था। विधानसभा चुनाव के बाद अरपा पार अलग से नया नगर निगम बनाए जाने की उम्मीद जगी थी। अरपा पार पृथक से नया नगर निगम बनाने प्रदेश सरकार के केबिनेट में प्रस्ताव लाना होगा और केबिनेट से प्रस्ताव पास होने के बाद राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन होगा। इसके लिए वार्ड, क्षेत्र का नया परिसीमन होगा और उस पर दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी, उन दावा-आपत्तियों का निराकरण पश्चात अंतिम प्रकाशन होगा और नए नगर निगम क्षेत्र के वार्डो का गठन होगा।

### किया जाएगा आंदोलन

अरपा पार नगर निगम के कई वार्ड आते हैं और लाखों की जनसंख्या उस क्षेत्र में निवास करती है, जिन्हें राशन कार्ड, पेंशन, आवास से लेकर हर काम के लिए शहर विकास भवन आना पड़ता है। विकास भवन उनके लिए दूर भी पड़ता है, उसके अलावा उस क्षेत्र में सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मूलभूत समस्याएं दूर नहीं हो पा रही है। इसलिए अरपा पार को अलग नगर निगम बनाया जाना चाहिए और कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आने वाले दिनों में आंदोलन की तैयारी भी कर रही है।

**-भरत कश्यप**, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम

# यात्रियों को परोसा जा रहा था बासी भोजन और नाश्ताः कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन में एक बार फिर अवैध वेंडर यात्रियों को बासी भोजन और नाश्ता परोस रहे हैं, जिसकी वजह से यात्रियों की हालत खराब हो रही है। इसकी यात्रियों ने शिकायत भी की है, जिसके बाद आरपीएफ और कामर्शियल विभाग ने अभियान चलाकर करीब 36 वेंडरों को पकड़कर जांच के बाद स्टॉल के भोजन व नाश्ता की जांच कर 15 वेंडरों को छोड़ दिया है।

एक बार फिर बिलासपुर रेलवे स्टेशन में अवैध वेंडरों का कब्जा होना शुरु हो गया है। लगातार कार्रवाई करने के बाद भी आरपीएफ के साथ कामर्शियल विभाग के अफसर एवं स्टाफ इसपर लगामा नहीं लगा पा रहे हैं। इसका भुगतान यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। अनाधिकृत तरीके से अवैध वेंडर बिना किसी डर भय के बिना नाम व पते की पैकिंग के जरिए यात्रियों को भोजन और नाश्ता परोस रहे हैं। 22 जून को 18239 शिवनाथ एक्सप्रेस के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने के बाद वेंडर स्लीपर कोच के पास आकर रूके, जहां उन्होंने यात्रियों की मांग पर भोजन व नाश्ता बेचना शुरु कर दिया। यह सारे हॉकर स्टॉल के ड्रेस भी पहने हुए थे। बर्थ क्रमांक 33 और 34 सहित अन्य बर्थ के यात्रियों ने हॉकरों से सादा शाकाहारी भोजन डेढ़ सौ रुपए प्रति थाली की रेट से खरीदी किया। इस भोजन को प्लेटफार्म पर प्लास्टिक की थाली में पैक कर बेचा जा रहा था, जिसमें न तो किसी सप्लायर का नाम लिया था और न ही किसी हॉकर ने परिचय पत्र लगाकर रखा था। पैकिंग खोलने के बाद भोजन से सड़ी गली महक आने लगी, जो पूरी तरह से दूषित भोजन था। आकर्षक पैकिंग में सड़ा गला भोजन पुरी दाल और लाल सब्जी सब उतरी थी, जिसे यात्रियों ने बिना खाए ही डस्टबिन में डाल दिया। यात्रियों ने इसकी शिकायत तत्काल जोन मुख्यालय के पीसीसीएम, सीसीएम सहित बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम और अन्य अफसरों से ट्वीटर के जरिए की। ट्वीटर में मिली शिकायत के बाद जोनल और डिवीजन में हड़कंप मच गया, जिसके बाद आरपीएफ को तत्काल छापामार कार्रवाई करने के आदेश दिया गया। आरपीएफ ने कामर्शियल स्टाफ के साथ शिवनाथ एक्सप्रेस में जांच करने के बाद करीब 36 वेंडरों को पकड़कर रेलवे एक्ट की कार्रवाई की। इसमें स्टॉल के वेंडर भी शामिल थे, जिनका भोजन और आईकार्ड चेक किया गया।



आरपीएफ ने अभियान चलाकर पकड़ा अवैध वेंडर।

### गजरा चौक की ओर से प्रवेश

बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म में संचालित होने वाले फूड स्टॉल, फूड प्लाजा और अन्य स्टालों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को रेल प्रशासन की ओर से आईकार्ड, मेडिकल सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेज भी जारी किए गए हैं। स्टॉल के कर्मचारी ड्रेस के साथ आईकार्ड में रहते हैं। अवैध वेंडर स्टॉल के कर्मचारियों का ड्रेस तो पहन लेते हैं, लेकिन आईकार्ड नहीं लगाते हैं। इन अवैध वेंडरों का प्रवेश चुचुहियापारा और गजरा चौक से सीधे स्टेशन प्लेटफार्म पर होता है, जो ट्रेन आने के इंतजार में छिपकर बैठे रहते हैं।





### की गई है कार्रवाई

बासी भोजन की शिकायत मिलने के बाद कामर्शियल विभाग और आरपीएफ की टीम ने स्टेशन और ट्रेन में अभियान चलाकर 36 वेंडरों को पकड़कर भोजन और अन्य सारे दस्तावेजों की जांच की गई थी। इस जांच के सभी वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वेंडरों के खिलाफ लगातार जारी रखने का आदेश भी दिया गया है।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# गांव में विवाद के बाद बिगड़ा माहौल, पुलिस ने लगाई क्लास



**बिलासपुर।** मल्हार पुलिस ने ग्राम बैटरी में विवाद कर गांव का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ किया प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

मामले के अनुसार प्रार्थी जवाहरलाल कश्यप निवासी ग्राम बैटरी ने 24 जून को आरोपी हनुमान प्रसाद, बाबूलाल, दयाराम व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद दूसरे पक्ष के हनुमान प्रसाद वर्मा के द्वारा जवाहर कश्यप,जीवन कश्यप, दुष्यंत कश्यप, प्रेम चंद पांडे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया। काउंटर एफआईआर होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की जांच की और पाया कि एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाया जा रहा और दोनों पक्षों के द्वारा गांव में लगातार विवाद बनाई जा रही है, जिससे गांव का माहौल और अशांति फैलाई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की और न्यायालय पेश कर दिया है। इस दौरान आरोपी बाबूलाल वर्मा पिता नेतराम वर्मा उम्र 53 वर्ष, नंदकुमार वर्मा पिता लोमस वर्मा उम्र 40 वर्ष, राम रतन वर्मा पिता भेद प्रसाद कश्यप उम्र 45 वर्ष, मधुसूदन कश्यप पिता युवराज उम्र 54 वर्ष, दुष्यंत कश्यप पिता जीवन कश्यप उम्र 40 वर्ष,राजेश्वर पर राजा पिता जवाहरलाल उम्र 34 वर्ष, प्रेमचंद पांडे पिता शत्रुघ्न पांडे उम्र 40 वर्ष पर कार्रवाई की गई है।

# बच्चे को मारने से मना करने पर चाकू लेकर दौड़ाया, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर क्षेत्र में मोहर्रम उत्सव देखने पहुंचे एक युवक पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



तालापारा निवासी आदिल खान एसी और फ्रिज रिपेयरिंग का काम करता है। गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे वह अपने दोस्तों अशरफ अली और साहिल के साथ मोहर्रम उत्सव देखने तारबाहर बस्ती गया था। तीनों शेख गफ्फार के घर के सामने खड़े होकर कार्यक्रम देख रहे थे। उस समय वहां पर काफी भीड़ थी। आदिल खान के अनुसार, उसी दौरान वहां रहने वाला आदिल कुरैशी एक बच्चे के साथ मारपीट कर रहा था। मारपीट के दौरान बच्चा उसके पास आकर गिर गया। इस पर उसने आदिल कुरैशी से बच्चे को मारने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। इस पर गाली-गलौज करते हुए कहा कि बीच में बोलने वाला वह कौन होता है। इसके बाद उसने जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। आरोपी ने अपने पास रखी लोहे की नुकीली वस्तु से आदिल खान के सिर के पीछे वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई। मारपीट के दौरान पीठ और छाती में भी चोट लगने की बात कही गई है।

वह जान बचाकर वहां से भागने लगा तो आरोपित चाकू लेकर उसके पीछे दौड़ पड़ा। आसपास मौजूद लोगों और दोस्तों की मदद से वह सुरक्षित निकल सका। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre

श्री विजय वंदना
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर

बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के

कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी
अब बिलासपुर में

दिनांक : 27 जून 2026, शनिवार
समय : दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक
स्थान : श्री विजय वंदना इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर
श्रीवास भवन के पास, श्री लक्ष्मी पैट्रोल पंप के पीछे, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर



कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. यशवंत कश्यप
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MD(जनरल मेडिसिन), DM(मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी,
हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन
बालको मेडिकल सेंटर

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हैं तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से मिलें

- स्तन में गाँठ
- असामान्य गाँठ या उभार
- मुँह में बदलाव या आवाज में भारीपन
- निगलने में कठिनाई
- लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
- ठीक न होने वाले छाले/घाव
- बार-बार बुखार या संक्रमण
- पेट में दर्द या जी मिचलाना
- पेट फूलना • खून की कमी
- त्वचा (स्किन) में बदलाव
- वज़न में बिना कारण कमी
- मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
- मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द

ATUL

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319
8282824444
नया रायपुर, छ. ग.

# सीजीबीएसईः10वीं-12वीं की पूरक परीक्षाएं 22 जुलाई तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य/अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है।

मंडल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दोनों परीक्षाएं जुलाई में आयोजित होंगी। हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होगी और 22 जुलाई तक चलेगी। हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 9 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक है। माशिमं की ओर से कहा गया है कि विषयवार विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। परीक्षार्थी विस्तृत टाइम टेबल देखकर अपनी तैयारी की योजना बना सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार मुख्य परीक्षा में असफल रहे या अंक सुधारने का अवसर चाहने वाले विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा महत्वपूर्ण होगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# निगम कर्मचारी व पार्षद के रिश्तेदार बीच विवादः जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** नगर निगम स्वच्छता टीम के कर्मचारी के साथ तिफरा के भाजपा महिला पार्षद के रिश्तेदार द्वारा मोबाइल फोन से विवाद, गाली-गलौच किए जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को स्वच्छता कर्मचारियों ने विकास भवन में विरोध प्रदर्शन किया। वहीं निगम कर्मचारी द्वारा घटना की शिकायत पुलिस थाना में भी की गई है जिस पर जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

शुक्रवार को अवकाश होने के बाद भी सुबह कार्यालय खुलने के समय नगर निगम के कुछ स्वच्छता कर्मचारी विकास भवन कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और उक्त घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि नगर निगम के स्वच्छता पेट्रोलिंग टीम कार्रवाई करने यदुनंदननगर तिफरा गई थी, जहां पर एक दुकान में कार्रवाई करते हुए करीब 5 किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज पालिथीन जप्त किया गया। दुकानदार द्वारा अपने मकान मालिक से मोबाईल फोन द्वारा बात करवाया गया। दूसरी तरफ से अपना नाम मुन्ना सिंह बताने वाला व्यक्ति फोन पर गाली-गलौच करने लगा, जिसकी रिकार्डिंग भी मोबाइल में है। कर्मचारियों ने बताया कि वह व्यक्ति एक महिला पार्षद के पति का भाई है और उसके द्वारा पवन भैयालाल चौहान नामक स्वच्छता कर्मचारी से गाली-गलौच किया गया, जिसकी लिखित शिकायत पुलिस थाना में भी की गई है। विकास भवन के सामने कुछ देर विरोध प्रदर्शन करने के बाद निगम के ये स्वच्छता कर्मचारी वहां से चले गए।